# कैंटर में लगी आग, लाखों की ई रिक्शा जलकर राख

## कंटेनर की टक्कर के बाद हुआ अग्निकांड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब दिल्ली-बरेली हाईवे पर खड़े कंटेनर में पीछे से आकर एक केंटर जा घुसा। टक्कर के बाद सीएनजी केंटर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और कंटेनर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

हादसा बुधवार सुबह सवेरे लगभग चार बजे रजबपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-बरेली हाईवे पर गांव झनकपुरी के पास हुआ। एटा जिले के कासगंज निवासी चालक शिव कुमार नोएडा से कंटेनर में ई-रिक्शा भरकर हरदोई जा रहा था। हाईवे पर गांव झनकपुरी के पास सड़क किनारे कंटेनर खड़ा कर वह लघुशंका के लिए चला गया। उसी दौरान दिल्ली दिशा से आ रहे केंटर का टायर फट गया तथा वह अनियंत्रित होकर पीछे से कंटेनर में जा घुसा। केंटर सीएनजी चलित था, लिहाजा टक्कर होने के बाद केंटर में आग लग गई। देखते ही देखते कंटेनर भी आग की चपेट में आ गया। हादसा होने पर केंटर चालक मौके से भाग निकला जबकि कंटेनर चालक ने डायल 112 पर कॉल कर घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा दमकल को सूचना दी। दमकल की चार गाडियां मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दौरान दिल्ली से बरेली जाने वाली लेन पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह थम गया। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने जाम की स्थिति से निपटने के लिए झनकपुरी अंडरपास से वाहनों को दूसरी डायवर्ट कर दिया। इसके बाद हाईवे पर वाहनों का संचालन वन वे कराया गया। लगभग आधा घंटा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाबी मिल सकी लेकिन तब तक दोनों वाहनों के अलावा कंटेनर में लदे ई-रिक्शा जलकर राख हो चुके थे। केंटर में क्या लदा था, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। घटना में जले ई-रिक्शा की कीमत लगभग 18 लाख रुपये बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि केंटर चालक का पता लगाया जा रहा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

> ■ दमकल की चार गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, हाइवे पर बनी जाम की स्थिति

# तीन लोगों पर मारपीट व बाइक छीनने का आरोप

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पिता के साथ मुकदमे की तारीख पर आई युवती ने तीन लोगों पर मारपीट करने तथा बाइक छीन कर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला देहात थाना क्षेत्र में जिला न्यायालय के बाहर का है। मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी मिस्बाह जैनब अपने पिता अतीकुर्रहमान के साथ 6 अप्रैल को एक मुकदमे की तारीख पर जिला न्यायालय आई थी। जैनब का आरोप है कि शाम को लगभग चार बजे जब वह अपने पिता के साथ कचहरी के गेट नंबर 3 से बाहर निकली तो जोया के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी शुऐब उर्फ पप्पू, संभल के गांव नीम खेड़ा बझेड़ा निवासी सऊद आलम व इमरान ने दोनों को रोक लिया तथा मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर दोनों के साथ मारपीट की। भीड़ जुटने पर तीनों लोग उनकी बाइक छीन कर भाग गए, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में पीड़िता ने देहात थाना में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

## भाई के मुंह पर पंच मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शराब पीकर गाली गलौच करने से मना करने पर एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई को मुंह पर लोहे का पंच मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला अविन्तका नगर निवासी महेन्द्र आए दिन शराब पीकर घर में गाली गलौच करता है। 06 अप्रैल की रात 10.30 बजे वह अपने छोटे भाई प्रवेश के साथ गाली गलौच कर रहा था। मना करने पर मेरे महेन्द्र ने प्रवेश के मुंह पर पंच मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# गैस लेने को लगी उपभोक्ताओं की लंबी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार को भी नगर की गैस एजेंसियों पर सिलेण्डर लेने वाले उपभोक्ताओं की सुबह से ही भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ मण्डी धनौरा मार्ग स्थित एचपी गैस गोदाम पर देखने को मिली। बताते हैं कि बीते दिन यहां पर गैस की आपूर्ति नहीं मिली थी, इस कारण यहां भीड़ और एजेंसियों के मुकाबले ज्यादा रही।

बता दें कि नगर गजरौला में काजलाए अनिल और गजरौला गैस सर्विस नामक तीन एजेंसियां हैं, जबकि एचपी की गैस एजेंसी मंडी धनौरा में है। वहीं पर ही कार्यालय है, जबकि गोदाम नगर की कुमराला चौकी से पहले बीएसएनएल टावर के सामने स्थित है। बताते हैं बीते दिन भी यहाँ पर गैस वितरित नहीं हुयी थी इस कारण सुबह के छह बजे से एचपी गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगनी शुरू हो गयी थी। उपभोक्ता इतने ज्यादा थे कि लम्बी लाइन लग गयी। दस बजे से सिलेण्डर का वितरण शुरू हुआ। वहीं काजला, अनिल और गजरौला गैस सर्विस पर भी उपभोक्ताओं की भीड़ रही। यहाँ प्रतिदिन की तरह उपभोक्ताओं को पहले वाउचर लेने को और फिर सिलेण्डर लेने के लिए लाइन लगानी पड़ी।

> ■ एचपी गोदाम पर देखने को मिली सबसे ज्यादा भीड़



## एक नजर

### अभिषेक हत्याकांड के चार आरोपियों का गैंग पंजीकृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** देहात थाना पुलिस ने चर्चित अभिषेक हत्याकांड में शामिल चार हत्यारोपियों का गैंग पंजीकृत किया है। एसपी लखन सिंह यादव के निर्देशन में पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमें क्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी सगे भाई अनुज व मनोज के अलावा इसी गांव के हरविंद्र व गुड्डू को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि 12 अक्तूबर की रात कांठ रोड स्थित एक फार्म हाउस में रखी गई शराब पार्टी के दौरान सिर में गोली मारकर गांव हाशमपुर निवासी किसान अभिषेक उर्फ भूरे की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद इन चारों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शराब पार्टी नगर पालिका अमरोहा में ठेकेदारी करने वाले एक ठेकदार की तरफ से रखी गई थी। फरार दो हत्यारोपियों की गिरफ्तारी पर तत्कालीन एसपी ने 25-25 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

### नामित सभासद का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) के प्रतिनिधियों ने नामित सभासद अजयपाल का फूलमालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को वाल्मिकी कॉलोनी में स्नेह और सम्मान के लिए वाल्मीकि समाज के लोगों ने नामित सभासद का स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख भीम सिंह अनार्य, राष्ट्रीय महामंत्री नीरज पाराशर राकेश दानव, गौतम राणा, पुरुषोत्तम करोतिया, विजय प्रधान, अमर कुमार, सुमित टांग, देशराज सिंह, अजय पाल, जिला सचिव रिंकू, सनम, नगर सचिव कमल राठी, अमर, सदस्य सागर मौजूद रहे।

## शिक्षा से बनता है उज्जवल भविष्यः चेयरमैन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धधनौरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर काजी में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और उत्साह ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अपराजिता क्लब की अध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने की। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कंचन अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों का फूलमाला, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में वर्षा तोमर, रोशनी खान, रंजना, हमदुर्रहमान, राजेश्व. री, सीमा शर्मा, नीतू जैन, एआरपी शिक्षित कुमार, सत्य प्रकाश गौतम, ग्राम प्रधान विक्रम सिंह, दिवेश तंवर, शैकी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# बॉक्सिंग में दिव्यांशी ने जीता गोल्ड मेडल

## नेशनल चैम्पियनशिप के लिए हुआ चयन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर दिव्यांशी ने इतिहास रच दिया। उनका चयन नेशनल चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। दिव्यांशी की इस उपलब्धि से परिजनों व खेल प्रेमियों मे खुशी की लहर दौड़ गई। घर लौटने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया और मिठाई खिला मुबारकबाद दी गई।

हापुड़ में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप मे अमरोहा की होनहार बेटी दिव्यांशी सैनी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते गोल्ड मेडल जीता। वह पहले भी स्टेट लेबल पर पांच गोल्ड मेडल जीत चुकी है। उनका चयन असम में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है। जिले का नाम रोशन करने वाली दिव्यांशी ने कहा कि उन्होंने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता के पीछे कोच निर्भय विश्नोई व मनीष सैनी का अहम योगदान है, जिन्होंने लगातार मेरा मार्गदर्शन किया। यह उपलब्धि आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है, कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### ट्रैक्टर में घुसी डीसीएम, चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** दिल्ली से मुरादाबाद जा रहे डीसीएम चालक सौरभ पुत्र मंशाराम निवासी हरदोई जिला हरदोई ने जोया कस्बे में आगे चल रहे गन्ने की मेली भरे टैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे सौरभ गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने डिडौली पुलिस मौके पर पहुँची ओर घायल को जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया टककर इतनी जोरदार थी कि ट्राली में भरी गन्ने की मेली हाइवे पर फैल गयी और डीसीएम घूमकर हाइवे पर खड़ी हो गयी पुलिस ने हेडरा की मदद से डीसीएम को।साइड में खड़ा कर यातायात सुचारु रूप से शुरू कराया वही डिडौली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त घटना की कोई तहरीर नही दी गयी तहरीर मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# गोतस्करी की आशंका पर थाने में हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रानी बस्तौरा जंगल क्षेत्र से पिकअप वाहन में गोवंशीय बछड़े ले जाए जाने की सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गौतस्करी की आशंका जताते हुए थाने पर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन रुकवाया, संबंधित लोगों से पूछताछ की और पूरे मामले का सत्यापन कराया। जांच में मामला कृषि कार्य के लिए बछड़ों के परिवहन का निकला, जिसके बाद स्थिति शांत हुई।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि कुछ लोग रानी बस्तौरा के जंगल क्षेत्र से पिकअप में गोवंशीय पशु ले जाने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया, प्रभारी निरीक्षक अमरपाल और चौकी प्रभारी शेरपुर नवीन भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां कुछ लोग पिकअप में बछड़े लादते मिले, जिन्हें रोककर गहन पूछताछ की गई।जांच में पता चला कि मनवीर पुत्र हरफूल सिंह निवासी चकनवाला, गजरौला पिछले करीब 20 वर्षों से गौशाला संचालित कर रहा है। उसके द्वारा कुल आठ बछड़ों को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल निवासी किसानों को कृषि कार्य के लिए बेचा गया था, जिनमें से चार बछड़े वाहन में लादे जा रहे थे। किसानों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीढ़ीनुमा पहाड़ी खेती होने के कारण बैलों से ही खेत जोते जाते हैं, इसलिए वे बछड़ों को खरीदकर ले जा रहे थे। थाने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उत्तराखंड के बजरंग दल पदाधिकारियों से भी वार्ता की, जहां से संबंधित किसानों के पहले भी कृषि कार्य के लिए बछड़े खरीदने की पुष्टि हुई। ग्राम प्रधान शेरपुर सतेन्द्र यादव ने भी बताया कि संबंधित लोग वर्षों से इसी तरह बछड़े ले जाते रहे हैं और कई बार उनसे लिखित सत्यापन पत्र भी लिया जाता है। पुलिस का कहना है कि मौके पर की गई जांच, पूछताछ और स्थानीय सत्यापन में गौतस्करी अथवा किसी अन्य आपराधिक गतिविधि का कोई साक्ष्य नहीं मिला। प्रथम दृष्टया यह मामला केवल कृषि उपयोग के लिए गोवंशीय बछड़ों के परिवहन का पाया गया, जिसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ता शांतिपूर्वक लौट गए और क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य रही।

# बार चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया

## 21 अप्रैल को मतदान, 22 को होगी मतगणना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार इस बार चुनाव 18 सदस्यीय चुनाव समिति की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा, जिसकी सूची भी जारी कर दी गई है।

घोषित कार्यक्रम के तहत 02 अप्रैल 2026 को मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ, जबकि 03 व 04 अप्रैल को आपत्तियां ली गईं। इसके बाद 07 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। चुनाव प्रक्रिया में 09 व 10 अप्रैल को नामांकन होंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 अप्रैल को की जाएगी, जबकि 15 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि तय की गई है। मतदान 21 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। वहीं 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। चुनाव को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए गठित चुनाव समिति में अब्दुल सतार, सलीम खान, सतीश कुमार, जय प्रकाश यादव, अमित कुमार जैन, एस.पी. सिंह, इरशाद बेग अंसारी, संजीव कुमार शर्मा, योगेंद्र सिंह, विपिन गुर्जर, संजयपाल सिंह, मेहंदी हसन, जुनैद खान, मो. फैसल, मो. यासिर अंसारी, श्रीमती चंचल सारस्वत, कुमारी ललिता सैनी व सुश्री रीता सिंह को शामिल किया गया है। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार कई नए और अनुभवी चेहरे मैदान में उतरने की तैयारी में हैं, जिससे मुक. ाबला रोचक होने की संभावना है। चुनाव समिति ने सभी अधिवक्ताओं से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान में सहयोग करने की अपील की है।

# विधायक ने किया वेंटेड कॉज-वे का शिलान्यास



## ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी सहूलियत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा ने धनौरा क्षेत्र के अंतर्गत चकनवाला वाह नदी के बीच निर्मित वेंटेड कॉज-वे का भूमि पूजन व शिलान्यास किया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि इस वेंटेड कॉज-वे के निर्माण से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से हो रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी। विशेषकर बरसात के मौसम में जब नदी में पानी बढ़ जाता था, तब लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस कॉज-वे के बन जाने से वर्षा ऋतु में भी आवागमन सुचारु रूप से जारी रहेगा। कहा कि इस निर्माण कार्य से आसपास के कई गांवों की आपसी कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भी काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाएं भी अब आसानी से क्षेत्र तक पहुंच सकेंगी। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव रंजन , एई रणवीर सिंह, सतवीर सिंह, कपिल भड़ाना, सतपाल पाल, पवन, सुशील, अमन, उत्तम सिंह, निहार त्यागी, मंगत सिंह, दुष्यंत, प्रेमपाल, हरपाल, कृष्ण, संजीव मौजूद रहे।

# कीचड़ के बीच से निकालनी पड़ी शव यात्रा

## कई सालों से बाईखेड़ा में जलभराव की समस्या बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव से विकास की दावों को झकझोर देने वाली एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। हसनपुर ब्लॉक के गांव बांईखेड़ा में जलभराव की समस्या इस कदर विकराल हो चुकी है कि अब ग्रामीणों को अपनों का अंतिम संस्कार करने के लिए भी नरकीय स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। दरअसल,मंगलवार को गांव के निवासी चंद्रसेन प्रजापति का निधन हो गया था। जब परिजन और ग्रामीण उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए पूठ गंगा घाट ले जाने लगे। तो उन्हें गांव के मुख्य मार्ग पर घुटनों तक भरे गंदे पानी और कीचड़ से बच बचकर शव यात्रा का निकाल कर ले जाना पड़ा। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय प्रशासन और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाईखेड़ा मिलक से गंगा चोली जाने वाले इस मार्ग पर पिछले कई वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण यादराम सिंह, बृजपाल सिंह महेश कुमार राधा वाल्मिक संजय कुमार और पीतम सिंह ने बताया कि कई बार लिखित शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मामले में ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह रास्ता उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है। यह घटना न केवल सरकारी दावों की पोल खोलती है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी गहरा प्रहार करती है। जहां एक ओर डिजिटल इंडिया और स्मार्ट गांवों की बात हो रही है, वहीं बांईखेड़ा के ग्रामीण आज भी एक पक्की सड़क और बुनियादी ड्रेनेज सिस्टम के लिए तरस रहे हैं।



# जबरन लगाए जा रहे हैं स्मार्ट मीटर

## राष्ट्रीय सेवी संगठन ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं और प्रशासनिक शिथिलता के विरोध में बुधवार को राष्ट्रीय सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को सौंप दिया। कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि 1 अप्रैल से सरकारी खरीद शुरू होने की घोषणा के बावजूद केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है। और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। आरोप लगाया गया कि पात्र लोगों के राशन कार्ड महीनों से लंबित हैं। सप्लाई इंस्पेक्टर न तो फोन उठाते हैं और न ही कार्यालय में उपलब्ध रहते हैं। संगठन ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण बिल बेतहाशा बढ़कर आ रहे हैं। सरकार द्वारा अनिवार्यता समाप्त किये जाने के बाद भी नये कनेक्शनों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। हसनपुर नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पात्रों को नहीं मिल रहा है। अधिशासी अधिकारी पर संतोषजनक जवाब न देने और बाबूओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई। हसनपुर से भदौरा मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय है। कार्यकर्ताओं ने याद दिलाया कि सांसद द्वारा आश्वासन के बावजूद पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से कृष्ण कुमार शर्मा, चुन्नीलाल एडवोकेट, मोनू अग्रवाल, गजराज सिंह, संजीव कुमार, शिवकुमार, भरत सिंह और भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने चेता. वनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को और उग्र करेगा।

# विस चुनावों में भाजपा की सत्ता से विदाई तय



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी की पीडीए चौपाल में पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश की जनता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ आशाभरी निगाहों से देख रही है, क्योंकि जनता समझ चुकी है कि वर्तमान में सत्ता पर आसीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार की गलत नीतियों से लोग तंग आ चुके हैं। आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सत्ता से विदाई तय है। बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव सादपुर व गन्दासपुर के ग्रामीणों ने अपने ट्रैक्टरों पर समाजवादी पार्टी के झंडे लगाकर भूपेंद्र चौधरी का ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत किया। सादपुर में आयोजित चौपाल में भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस बार

■ **सादपुर में सपा की पीडीए चौपाल**

प्रदेश में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है। उत्तर प्रदेश में तो सपा की सरकार बनेगी ही बनेगी, साथ ही अमरोहा जनपद की चारों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा। कहा कि जब प्रदेश में सपा की सरकार थी तब नौजवानों के लिए रोजगार की भरमार थी। किसानों को फसलों का सही दाम किया गया। आज किसान और नौजवान हर कोई परेशान है। इस मौके पर अमन सिरोही, कुलदीप देवल, नेपाल सिंह, संतवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, राधेश्याम, सोवीर सिंह, कर्मवीर सिंह, अनूप सिंह, ओमकार सिंह, गुरमीत सिंह, नरेश सिंह, विपिन चौधरी, रविंद्र सिंह, सुभाष ठेकेदार, विशाल बाल्मीकि, रोबिन आदि मौजूद रहे।

# किसानों का धरना 109 वें भी जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना 109वें दिन भी बारिश के बावजूद

■ **औद्योगिक इकाइयों के प्रदुषण से लोग त्रस्त**

जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि औद्योगिक इकाईयों के प्रदूषण के कारण क्षेत्र का भूजल प्रदुषित हो चुका है। इस पानी को पीने से न केवल इंसान बल्कि मवेशी और वनस्पति भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि शासन प्रशासन ने प्रदूषण की समस्या से निजात न दिलाई तो औद्योगिक इकाईयों की तालाबंद की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडलाध्यक्ष अहसान अली, दयावती, कृष्णा चौधरी, सूरजमुखी, मुनेश, बीरा, सीमा, संतोष, कृष्णा, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# नौ पेड़ों की अनुमति थी, काट लिए 12 पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आवागमन में बाधक बने यूकेलिप्टिस के नौ पेड़ काटने की अनुमति के बावजूद ठेकेदार ने तीन पेड़ अधिक काट लिए। इसकी जानकारी मिली तो वन विभाग के उपनिरीक्षक ने ठेकेदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सलेमपुर गौसाई में स्थित एक निजी स्कूल के सामने यूकेलिप्टिस के अनेकों पेड़ खड़े हैं, जिनमें से 09 पेड़ों को वन विभाग ने कटान के लिये चिन्हित किया था। ये पेड़ जनमानस के आवागमन में बाधित

■ **वन विभाग के उपनिरीक्षक संतोष कुमार ने कराया दो ठेकेदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

बने हुए थे और इनके गिरने की संभावना के कारण हादसों का अंद. ेशा था। वन विभाग द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद थाना धनौरा के गांव चुचैला कलां निवासी ठेकेदार रहुफ पुत्र मजीद व थाना बछरायूं के गांव छजूपुरा निवासी परम सिंह से 03 अप्रैल को कटान शुरु कराया गया। 04 अप्रैल को वन विभाग के उपनिरीक्षक संतोष कुमार ने हमराह दीनदयाल यादव के साथ मौके का निरीक्षण किया गया तो मौके पर यूकेलिप्टस के 12 पेड़ों का कटान होना पाया गया। दोनों ठेकेदारों द्वारा 09 पेड़ काटने की अनुमति होने के बाद 03 पेड़ अवैध रूप से ज्यादा काटे गए। उपनिरीक्षक संतोष कुमार ने उच्चाधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए दोनों ठेकेदारों के विरूद्ध तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि वन विभाग के उपनिरीक्षक की तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### मतस्य पालन पर चौपाल चर्चा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** दूरदर्शन के डीडी किसान चैनल द्वारा अमरोहा के गांव में प्रगतिशील कृषक गजेंद्र सिंह ढिल्लो के तालाब पर मत्स्य पालन को लेकर चौपाल चर्चा की गई। दूरदर्शन की टीम की एंकर मोनालिसा व कृषकों ने मत्स्य पालन विषय पर प्रश्न पूछे, जिसका बिंदूवार समाधान कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया। चौपाल चर्चा में मत्स्य विभाग की सहायक निदेशक नीतू सिंह ने भी मार्गदर्शन किया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र अमरोहा के प्रभारी अधिकारी डा0 अरविंद कुमार मिश्र, उपनिदेशक कृषि डॉ.रामप्रवेश वर्मा, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, डॉ.अमित तोमर, डॉ. सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में गजेन्द्र सिंह ढिल्लो ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### युवकों ने की बेवजह कार्रवाई रोकने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धौरा।** 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा से पहले सलेमपुर गौसाई गांव में तनातनी का माहौल बन गया है। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर मांग की कि पुलिस बिना वजह युवकों पर शांति भंग की कार्रवाई न करे। संघ के लोगों ने बताया कि गांव में वर्ष 1980 से हर साल शांतिपूर्वक शोभायात्रा निकलती आ रही है और आज तक कोई विवाद नहीं हुआ। संघ ने मांग की कि बिना शिकायत या साक्ष्य किसी भी सदस्य को कानूनी कार्रवाई में न फंसाया जाए, ताकि जयंती का कार्यक्रम शांतिपूर्वक हो सके। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाबंद करने की कार्रवाई थाना स्तर से की जाती है। इस दौरान सुभाष चंद्र, सोनू राम सिंह, हरवीर, राजवर्धन और आकाश समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूलों में कोर्स और फीस की मनमानी पर रोक लगे



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों ने प्रत्येक बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार को लगभग 150 मीटर खादगूजर तिराहे की तरफ पीछे कराने की

■ **भाकियू की मासिक पंचायत आयोजित**

मांग की, साथ ही बिजली आपूर्ति और आवारा पशुओं की समस्याओं के मुद्दे भी सामने रखे।

बुधवार को फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय परिसर में हुयी पंचायत में किसानों ने कहा कि गर्मी में बिजली की व्यवस्था सुचारु रूप से की रखी जाए, सभी लाइनमैनों को फाल्ट समय से ठीक करने के लिए कहा जाये। आवारा पशुओं व जंगली जानवरों को पकड़वाकर गौशालों में भिजवाया जाए। फुंके हुए ट्रांसफार्मरों को तत्काल ठीक करवाया जाए, किसानों पर ट्रांसफार्मरों को ठीक कराने का दबाब न बनाया जाये। जिला सहकारी बैंको द्वारा किसानों से तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज लिया जाए। प्राइवेट स्कूलों में कोर्स के नाम पर और मनमानी फीस पर लगाम लगाई जाए। चुचैला कलां सोसाइटी पर आज तक खाद वितारत नही हुई वहा पर खाद की तुरंत व्यवस्था की जाये। वहीं अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निदान की मांग है। इस मौके पर गिरिराज सिंह, देशराज सिंह, राजेंद्र सिंह, सुभाष चीमा, सतपाल सिंह, विजेंद्र शर्मा, काले सिंह, भगवान सिंह, रोहित चौधरी, कुशल सिंह, अरुण सिंह,सतवीर सिंह, गजराम सिंह, वेदपाल सिंह, हनी चौधरी मौजूद रहे।

# जनगणना ड्यूटी में प्रतिकर अवकाश की मांग

## शिक्षकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंपकर जनगणना ड्यूटी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर उचित निर्णय की मांग उठाई। महासंघ ने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण, विभिन्न सर्वेक्षण, जागरूकता अभियान और चुनाव ड्यूटी जैसे अन्य शासकीय कार्य भी पूरी निष्ठा और मनोयोग से निभाते आ रहे हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि यदि जनगणना का कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कराया जाता है, तो शिक्षकों को अवकाश के दिनों में कार्य करने के एवज में प्रतिकर अवकाश अथवा उपार्जित अवक. ाश दिया जाए। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी यथासंभव उनके कार्यस्थल या निवास स्थल के समीप लगाई जाए। ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमित तेज, मोहित देवल, शिवम पाराशर, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, परविंदर सिंह और विनीत देओल सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में अमरोहा प्रथम

## लगातार छठी बार हासिल की उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने में अमरोहा पुलिस प्रदेश में लगातार छठी बार प्रथम स्थान पर रही। जिले के सभी 13 थानों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार शाम को प्रदेश स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की रैंकिंग जारी हुई। जिसमें अमरोहा जिला लगातार छठी बार प्रथम स्थान पर रहा वहीं जिले के 13 थानों को भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दरअसल एसपी की निगरानी में जनशिकायतों के निस्तारण के लिए यह टीम निरंतर काम करती है। पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को पुलिस कार्यालय में गठित इस शाखा द्वारा संबंधित थानों को प्रेषित किया जाता है। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा प्राप्त संदर्भों की जांच आख्या दिए गए समय सीमा के अंदर संबंधित को प्रेषित की जाती है और आवेदक पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है कि नहीं इसका फीडबैक शाखा में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा लिया जाता है। शाखा प्रभारी कुम. रेश त्यागी, आरक्षी सारुल चौहान, आरक्षी प्रशांत चौहान, आरक्षी प्रदीप चौधरी द्वारा लगन व निष्ठा से कार्य किया गया है। जिले के 13 थानों को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जिसमें जिले को पूर्णांक 125 में से 125 अंक प्राप्त हुए। एसपी लखन सिंह यादव ने शाखा में तैनात टीम का उत्साहवर्धन किया है। आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन से कार्य करते रहने की बात कही।

# छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नारी सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे शमिशन शक्ति फेज 0.5श के द्वितीय चरण के तहत बुधवार को राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज में एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

थाना हसनपुर की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने महिला कल्याण विभाग और स्कूल स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित कर छात्राओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सजग किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार और महिला उपनिरीक्षक नेहा नेहरा ने किया। टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के विशेष गुण सिखाये गये ताकि विषम परिस्थितियों में वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। साथ ही, पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा के लिए समर्पित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिसमें 112 आपातकालीन सेवा 1090 महिला पावर लाइन, 1930 साइबर अपराध सहायता, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में बताया। इसके अलावा विद्यालय की छात्राओं द्वारा साइकिल रेली निकालकर महिलाओं को प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, और अभ्युदय योजना के बारे में विस्तार से बताया। महिला हेड कांस्टेबल दिलशेर जहान, महिला कांस्टेबल डोली और काजल ने छात्राओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के भीतर आत्मविश्वास जगाना और उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त सुरक्षा कवच एवं कल्याणकारी नीतियों से अवगत कराना रहा। स्कूल प्रशासन ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की। रैली के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमकुम, महिला कल्याण विभाग की अध्यक्षा ममता दुबे, करुणा यादव खालिदा नसरीन, महिला हेड कांस्टेबल दिलशेर जहान, कांस्टेबल डोली काजल रहे। रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक निकाली गई।

### स्कूल चलो अभियान की रैली में गूंजे शिक्षा के नारे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** स्कूल चलो अभियान के तहत बुधवार को कंपोजिट स्कूल नवाबपुरा भूड़ के बच्चों और स्टाफ ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। रैली की अगुवाई एआरपी सुनील कुमार ने की। रैली के दौरान बच्चों और शिक्षकों ने गांव के लोगों को शिक्षा का महत्व समझाया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर गांव में घूम-घूमकर लोगों को जागरूक किया। रैली में शिक्षक पवन कुमार (पूर्व एआरपी) ने बच्चों से जोशीले नारे लगवाए। रैली में एआरपी सुनील कुमार के साथ प्रधानाध्यापक नितिन सिंह, सहायक अध्यापक पवन कुमार, भंवरजीत सिंह, प्रियंका त्यागी, साधना शर्मा, अनीता तथा आंगनबाड़ी स्टाफ मौजूद रहा।

### छात्रों को दिए कैरियर काउंसलिंग के टिप्स

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह में करियर काउंस. लिंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर छात्रों को कैरियर सम्बंधित टिप्स दिए गे। इस मौके पर रोटरी क्लब के सीताराम बहुगुणा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सही समय पर सही करियर का चयन करना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। बताया कि सफलता के लिए केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा, तकनीकी, चिकित्सा, खेल एवं स्वरोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के तीन दोषियों को 15-15 साल की सजा

## न्यायालय ने 58 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** आठ साल पुराने किशोरी अपहरण और दुष्कर्म मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। बुधवार को सुनवाई पूरी करते हुए कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया और मुख्य आरोपियों को 15-15 साल की सजा सुनाते हुए 58 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया।

हसनपुर से जुड़ी यह घटना आठ साल पूर्व तीन मई 2018 को सामने आई थी। क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान की 15 वर्षीय किशोरी को गांव झुरैरी निवासी राजू उर्फ राजकुमार, उसका दोस्त प्रकाश और पप्पू बहलाकर ले गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद किशोरी को बरामद कर लिया था। बाद में उसके बयान के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में मुख्य आरोपी राजू उर्फ राजकुमार और पप्पू के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी की धारा बढ़ा दी थीं। पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। बुधवार को अदालत ने मुकदमे में अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर राजू उर्फ राजकुमार, प्रकाश और पप्पू को दोषी करार दिया। अदालत ने मुख्य आरोपी राजू उर्फ राजकुमार और पप्पू को दुष्कर्म में 15-15 साल जबकि प्रकाश को तीन साल कैद की सजा सुनाई। तीनों दोषियों पर 58 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# कोल्डड्रिंक पीने से बिगड़ी युवक की हालत

## शिकायत करने पहुंचे माता-पिता को आरोपियों ने पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र में एक दोस्त द्वारा कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बाद दूसरे दोस्त की हालत बिगड़ गई। जब पीड़ित के माता-पिता शिकायत करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला गढ़ी निवासी बाबू ने आरा. ेप लगाया है कि 5 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उनके बेटे अताउर्रहमान को उसके दोस्त सलमान पुत्र हफीज ने घर से बुलाया। सलमान ने अताउर्रहमान को कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। अताउर्रहमान को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अताउर्रहमान की हालत में सुधार होने के बाद मंगलवार देर रात उसके माता-पिता बाबू और शहाना, सलमान के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि सलमान ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब बाबू और शहाना ने इसका विरोध किया, तो सलमान और उसके तीन भाइयों ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीटा। इस मारपीट में शहाना गंभीर रूप से घायल हो गईं।5 मंगलवार देर रात बाबू की तहरीर पर सैदनगली थाना पुलिस ने सलमान, सलाउद्दीन, सुफियान और जमालुद्दीन पुत्रगण हफीज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। घायल शहाना और अताउर्रहमान को हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। अताउर्रहमान के पिता बाबू ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को पिलाई गई कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिलाया गया था, जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ी थी। बाबू के अनुसार, यह कोल्ड ड्रिंक नगर में एक कैंटीन पर पिलाई गई थी। सैदनगली थानाध्यक्ष विकास कुमार शेरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**खोया-पाया**

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0546401 की अंकतालिका, सहप्रमाण पत्र क्रमांक- 22007819 वास्तव में कहीं गुम हो गयी है।

सिमरा पुत्री मौहम्मद जुबैर निवासी मौहल्ला पधानोवाला, जोया जनपद अमरोहा।

# बीसलपुर पुलिस ने सघन फूट पेट्रोलिंग कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बीती रात मंगलवार को शहर में सघन फूट पेट्रोलिंग कर कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाना तथा शांति व्यवस्था बनाए रखना और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना था। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस टीम शहर के मुख्य मार्गो प्रमुख बाजारों बैंक एटीएम के आसपास के क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानो और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की और अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों से पूछताछ कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी सामाजिक तत्व में सक्रिय न हो अभियान में एस एस आई । रमेश चंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे उनके नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने दुकानदारों व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए अपील की गई किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। पुलिस ने बाजार में दुकानों के सामने खड़े अनावश्यक बहनों को हटवाया और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना के निर्देश दिए सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों को कानून का सम्मान करने के लिए भी प्रेरित किया गया इस सघन पेट्रोलिंग अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हुई है और सामाजिक तत्वों में भाई का माहौल बना है जबकि आमजन में पुलिस की इस कविता की सराहना की है पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे ताकि क्षेत्र में शांति सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# पीएनजी कनेक्शन जागरूकता प्रचार वाहन रवाना को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**■ 2000 रुपये छूट के साथ पीएनजी कनेक्शन, पहले बिल पर भी 500 रुपये की राहत**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ईंधन के रूप में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से सीयूजीएल कंपनी द्वारा संचालित प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य आमजन को पीएनजी कनेक्शन के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ना है।

रवाना किए गए प्रचार वाहन जनपद बरेली के विभिन्न शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को पीएनजी कनेक्शन लेने की प्रक्रिया, इसके उपयोग से होने वाले लाभ, सुरक्षा मानकों तथा बिलिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। इन वाहनों के माध्यम से लोगों को यह भी बताया जाएगा कि पीएनजी पारंपरिक एलपीजी की तुलना में अधिक सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सीयूजीएल बरेली के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि जनपद में वर्तमान समय में कुल 60,788 पीएनजी कनेक्शन प्रचलन में हैं और इन्हें और अधिक बढ़ाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत दो प्रचार वाहन लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को न केवल पीएनजी कनेक्शन के लिए प्रेरित करेंगे, बल्कि नए कनेक्शन के आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, कनेक्शन शुल्क और बिल भुगतान की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी देंगे।

## एक नजर

### बारिश में एडीओ पंचायत का कमरा लबालब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती टपकती छतें**

**बीसलपुर।** विकासखंड बीसलपुर में मानसून की पहली बूंदों ने सरकारी भवनों की पोल खोल दी है। विकासखंड कार्यालय की बिल्डिंग की छतें बारिश होते ही टपकने लगीं, जिससे एडीओ पंचायत का कमरा पानी से लबालब भर गया। यह हालत न केवल विकास कार्यों की लापरवाही को दर्शा रही है, बल्कि कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की ओर साफ इशारा कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश शुरू होते ही छत से पानी टपकने लगा और कमरा जल्द ही जलमग्न हो गया। विकासखंड अधिकारी (वीडियो साहब) से इसकी जानकारी की तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते है हुए कहा एडीओ पंचायत से बात करें और जब एडीओ पंचायत नूरुद्दीन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिल्डिंग जर्जर है और उसकी मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाएगी और अब यह सवाल उठ रहा है कि अगर बीसलपुर विकासखंड का मुख्य भवन ही इतना जर्जर है, तो क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों का क्या हाल होगा?स्थानीय पत्रकारों ने वीडियो सबूत भी इकट्ठा किए हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपों को मजबूत करते हैं।

### इरम बनी एक दिन की डीएम, जनसुनवाई कर किया समस्याओं का त्वरित समाधान

**ब्यूरो शाह टाइम्स**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के आदेश अनुसार मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत एक दिन की जिलाधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत राम लुभाई साहनी राजकीय महाविद्यालय की बीएससीछात्रा को एक दिन की जिलाधिकारी बनाये जाने हेतु आमंत्रित किया गया।



जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा बालिका इरम बी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बालिका इरम बी को एक दिन की जिलाधिकारी बनाकर प्रेरित किया गया कि वह स्वयं शिक्षित होकर जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण कर सकती हैं। बीएससी की छात्रा कु इरम बी द्वारा एक दिन की जिलाधिकारी बनकर जनसुनवाई के दौरान जमीनी विवाद की समस्या को सुना एवं सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह श्रीमती राम देवी पत्नी चन्द्रपाल थाना- गजरौला की समस्या का तत्काल निस्तारण कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव उपस्थित रहीं। ततपश्चात विकास भवन में बीएससी की छात्रा कु रिया गंगवार को एक दिन की जिला विकास अधिकारी बनाया गया। जिला विकास अधिकारी संजय कुमार द्वारा छात्रा को विकास कार्यों से सम्बंधित पूर्ण जानकारी दी गई छात्रा द्वारा एक दिन की जिला विकास अधिकारी के का कार्यभार संभाला गया एवं फाइलों का निरीक्षण किया गया।

### माह मार्च की मासिक रैकिंग में सम्पूर्ण प्रदेश में पीलीभीत को मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**17 थानों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एसपी**

**पीलीभीत।** सुकीर्ति माधव के निर्देशन में जनपदीय पुलिस को माह मार्च की मासिक रैंकिंग में पुलिस कार्यालय/आईजी आरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा जनपद के समस्त थानों को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए जनसमस्याओं के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित किया गया है।

उक्त दिए गए निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपदीय पुलिस कार्यालय व समस्त सर्किल थानो द्वारा प्राप्त ऑनलाइन/ आफलाइन प्रार्थना पत्रों का शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्तापरक विधिक निस्तारण किया गया। जिसके क्रम में जनपद पीलीभीत द्वारा सभी दस बिंदुओ,संदर्भो की मार्किंग/ अग्रसारण में लगे औसत दिवस, डिफॉल्टर संदर्भ, आवेदक द्वारा दिये फीडबैक की स्थिति,C-श्रेणी संदर्भ, मुख्यमंत्री कार्यालय से C-श्रेणीकृच संदर्भ,उच्चाधिकारी के रूप में कार्यवाही- (IGRS ONLY) उच्चाधिकारी के रूप में कार्यवाही (IGRS+ HELPLINE) -SP कार्यालय में संदर्भ फीडिंग की स्थिति, संदर्भो के भौतिक सत्यापन की स्थिति, यूजर्स का प्रोफाइल अपडेशन/ संशोधन/ वेरिफिकेशन), ओवर ऑल फील्ड विजिट रिपोर्ट पर उल्लेखनीय कार्यवाही की गयी। साथ ही संपूर्ण प्रदेश के थानों की उक्त प्रथम पांच बिंदुओ पर रैंकिंग के आधार पर पीलीभीत के कुल 17 निम्नलिखित थानों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जनपद पीलीभीत को प्रथम स्थान प्राप्त कराने में सहायता की है।

### समाजवादी पार्टी से 124 शहर विधानसभा से डा. अमित सक्सेना ने ठोकी ताल



**बरेली।** डा. अमित सक्सेना यह नाम शहर के लिए कोई नया नहीं है। शहर के सबसे नामचीन कायस्थ परिवार डा. बी के सक्सेना के पोते हैं, डा. अमित सक्सेना, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। सन 2001 से पार्टी के वरिष्ठ पदों पर आसीन रह चुके हैं, लोहिया वाहिनी, युवजन सभा, महानगर कमेटी के बड़े पदों पर रह चुके हैं और 2012 की सपा सरकार के दौरान मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें विकास प्राधिकरण का बोर्ड सदस्य नामित किया था, साथ ही बरेली महा योजना समिति के सदस्य भी रहे हैं, इस दौरान डा. अमित सक्सेना ने बरेली शहर में विकास की गंगा बहा दी थी, उनके प्रस्ताव से एयरफोर्स निकट कन्जा दासपुर रोड का निर्माण कार्य, सनसिटी विस्तार रोड का निर्माण कार्य, कर्मचारी रोड का निर्माण कार्य, प्रेम नर्सरी रोड का निर्माण कार्य, त्रिवेणी कॉलोनी रोड का निर्माण कार्य, डेंटल कॉलेज रोड का निर्माण कार्य, परवाना नगर रोड का निर्माण कार्य एवं बैरियर दो पर पार्क निर्माण, परतापुर चौधरी पर हाई मास्क फ्लड लाइट लगवाना, सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल रोड के निकट ईसाइयों की ग्रेव्यार्ड में हाई मार्क्स लाइट लगवाने जैसे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरत के कार्य करवाएं जिसको लोग आज भी याद करते हैं। आज तक विकास प्राधिकरण सदस्य के तौर पर वह इकलौते ऐसे नेता हैं जिन्होंने इतने विकास कार्य करवाया। समाजवादी पार्टी की महानगर उपाध्यक्ष के पद पर इस समय पदेन डॉक्टर अमित सक्सेना शहर के विभिन्न जगह पर भ्रमण कर रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं अपने समाज को जोड़ने का काम कर रहे हैं। धीरे-धीरे अपने विधानसभा में लोगों का रुझान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, डॉक्टर अमित सक्सेना ने शहर में 500 से ज्यादा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर चुके हैं, और आज भी लगातार कैंप के माध्यम से लोगों को निशुल्क उपचार और दवाइयां वितरण करते हैं। शहर का मिजाज भी चिकित्सक एवं कायस्थ संयोग को ही प्राथमिकता देता है, शहर विधानसभा से ही डॉक्टर दिनेश जौहरी, डॉ० अरुण कुमार सक्सेना विधानसभा पहुंच चुके हैं, क्योंकि यही समीकरण प्रत्याशी को मजबूत बनाता है।

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी, खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान

**■ डीएम का आदेश, फसल नुकसान का सर्वे कर लेखपाल जल्द दे रिपोर्ट**



**ब्यूरो शाह टाइम्स**

**पीलीभीत।** बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। एक ओर जहां रबी फसलों की कटाई का समय चल रहा है, वहीं दूसरी ओर बारिश ने गेहूं की कटाई और थ्रेसिंग का काम प्रभावित कर दिया है। कई जगहों पर कटा हुआ गेहूं खेतों में भीग गया है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ रहा है। बुधवार दोपहर को तेज हवा के साथ जनपद में हुई मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया, घंटों हुई तेज बारिश में किसानों की चिंता बढ़ा दी है, तैयार खड़ी गेहूं की फसल को इस बारिश से भारी नुकसान के आशंका जताई जा रही है। जनपद की तहसील बीसलपुर, पूरनपुर, अमरिया, कलीनगर क्षेत्र में फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसका सर्वे कराया जा रहा है। जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश जारी कर फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्ट जल्द देने का आदेश दिया है।

हवा के साथ पानी से फसल बिछ गई है, कटी हुई फसल भीगने से भी गेहूं की गुणवत्ता खराब हो रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि मौसम के अचानक बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। गेहूं के बोझ बांधकर रखे गए थे, लेकिन बारिश के कारण थ्रेसिंग का काम रुक गया है।

अब मौसम साफ होने का इंतजार किया जा रहा है, ताकि कटाई का कार्य दोबारा शुरू हो सके। गेहूं और आम के साथ जायद की फसलें भी बेमौसम बारिश की मार झेल रही हैं। खरबूजा, तरबूज, खीरा, ककड़ी, लौकी, करेला, टिंडा और कद्दू जैसी सब्जियों पर कीट और बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ गया है। लगातार नमी के कारण फफूंदी का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे किसानों को बार-बार कीटनाशक और फफूंदीनाशक का छिड़काव करना पड़ रहा है। इससे खेती की लागत बढ़ गई है, जबकि बाजार में सब्जियों के दाम गिरने से किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा।

### फसल नुकसान की 72 घंटे में किसान उपलब्ध कराएं सूचना

उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसके अन्तर्गत रबी मौसम की प्रमुख फसल गेहूँ को ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित किया गया है। जनपद में विगत दिवसों में असामयिक वर्षा/अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से फसलों में क्षति पहुँचने की सम्भावना है। ऐसे कृषक जिन्होने अपनी गेहूँ की फसल का बीमा कराया है, वह कृषक यदि उनकी गेहूँ फसल में असामयिक वर्षा/अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से कोई क्षति हुई है तो वह भारत सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नं 14447 अथवा जिला समन्वयक, इफको टोकयो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के दूरभाष नम्बर 8057747626 पर फसल क्षति के 72 घण्टे के अन्दर सूचना दे सकते है। इसके अतिरिक्त बीमित कृषक गेहूँ फसल में क्षति की सूचना लिखित में राजकीय कृषि बीज भण्डार/जिला कृषि अधिकारी कार्यालय/उप कृषि निदेशक कार्यालय/उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय में भी फसल क्षति के 72 घण्टे के अन्दर दे सकते है। बीमा कम्पनी द्वारा फसलों में क्षति का आंकलन कर नियमानुसार क्षति की प्रतिपूर्ति की जायेगी। रबी मौसम में जनपद पीलीभीत के कुल बीमित कृषक 18541 है।

### धनाराघाट पेंटून पुल पर भरा पानी, आवागमन बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते धनाराघाट पेंटून पुल के पास बेरियल के नजदीक लगभग एक फिट पानी भर गया है। बढ़ते जलभराव को देखते हुए एहतियातन वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है।

पानी भरने से मार्ग पूरी तरह प्रभावित हो गया है और स्थिति बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। वहीं जंगल से होकर गुजरने वाले कच्चे रास्ते पर भी पानी भर गया है और कीचड़ होने से वाहनों के फंसने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में पुल की ओर जाने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इसी को लेकर पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने बुधवार शाम करीब चार बजे वीडियो जारी कर लोगों से पेंटून पुल की ओर न आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पानी कम होने तक वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें, ताकि किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके।

# मंडी समिति कोटेदारों के बारदाने के सहारे शुरू हुई गेहूं खरीद

**■ व्यवस्था पर उठे सवाल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** मंडी समिति में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने आखिरकार पहल करते हुए क्रय केन्द्रों पर खरीद शुरू करा दी। डिप्टी आरएमओ प्रदीप कुमार और एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कोटेदारों से लिए गए बारदाने के सहारे खरीद प्रक्रिया शुरू कराई। बताया जा रहा है कि लगभग 80 कोटेदारों से करीब 25 हजार बोरे उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से गेहूं खरीद शुरू की गई है। हालांकि इस अस्थायी व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी स्तर पर पर्याप्त बारदाना उपलब्ध न होना खरीद व्यवस्था की तैयारी पर सवाल खड़े करता है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थायी रूप से बारदाने की व्यवस्था नहीं हुई तो खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और जल्द ही पर्याप्त बारदाना उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिलहाल कोटेदारों के बारदाने के भरोसे गेहूं खरीद जारी है, लेकिन यह व्यवस्था कब तक चलेगी, इसे लेकर असमंजस बना हुआ है।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल ने पूरे किए 18 गौरवपूर्ण वर्ष भव्य आयोजन के साथ मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**पीलीभीत।** 8 अप्रैल को ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, पीलीभीत ने अपने स्थापना के 18 वर्ष पूर्ण करते हुए इस गौरवपूर्ण अवसर को अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण के साथ भव्य रूप से मनाया। वर्ष 2008 में स्थापित यह विद्यालय आज निरंतर प्रगति करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों को स्पर्श कर रहा है। यह संस्थान न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए, बल्कि संस्कार, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के लिए भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

कार्यक्रम का शुभारंभ छेवी पातशाही गुरुद्वारा के आदरणीय ज्ञानी बलिहार सिंह जी एवं ज्ञानी बलजीत सिंह जी द्वारा आनंद साहिब की पांच पौड़ियों के पाठ एवं अरदास के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर विद्यालय की उन्नति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक राजेंद्र सिंह छाबड़ा, श्रीमती कैलाश रानी छाबड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा, उप-प्रधानाचार्य आरीज अल्वी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं आराध्या एवं अनाया द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं आत्मविश्वासपूर्ण ढंग से किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया, वहीं अग्रिम एवं वरुण द्वारा प्रस्तुत कविता तथा कक्षा 11 की छात्रा आयरा अल्वी की काव्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। समूहगान ने कार्यक्रम में सामूहिकता एवं समरसता का सुंदर संदेश दिया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार एवं सफल नागरिक बन सकें।

प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर गर्व प्रकट किया तथा कहा कि यह संस्थान निरंतर शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

# युवाओं को तरक्की की राह दिखा गया बॉलीबाल टूर्नामेंट

**■ टूर्नामेंट का सफल आयोजन युवाओं में नया जोश भर गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कई दशक के बाद शीशगढ़ कस्बे की सर जमीन पर बाल. ीवाल टूर्नामेंट का ऐसा नजारा देखने को मिला जिसकी लोगों ने कल्पना भी नहीं की थी वाली बाल टूर्नामेंट को देखने के लिए युवाओं से लेकर बुजुर्गों का जो जनसैलाब दिखा वह एक नई इबारत लिख गया।

क्वार्टर फाइनल से लेकर सेमी फाइनल और फिर सबसे लास्ट में जो फाइनल मैच हुआ उसका नजारा देखने लाइक था दर्शकों का उत्साह इतना था कि रात्रि तीन बजे तक दर्शक अपनी जगह से हिलने को तैयार नहीं थे बालीवाल टूर्नामेंट देखने की ऐसी दीवानगी पहली बार देखने को मिली दर्शकों से खचाखच भरा मैदान इस बात की गवाही दे रहा था कि ऐसा सफल आयोजन आज तक इस पूरे इलाके में नहीं हुआ। टूर्नामेंट को देखने के लिए दूरदराज इलाकों से लोग आए और उनको बैठने का सम्मान जनक स्थान भी मिला ऐसा पहली बार देखने को मिला। हाजी रियासत हुसैन टूर्नामेंट के आयोजक इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी गुड्डू की इस नई सोच को युवाओं को सलाम करना चाहिए, जिन्होंने टूर्नामेंट का सफल आयोजन कराकर युवाओं में खेल के प्रति नई स्फूर्ति पैदा करने का काम किया है टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए वास्तव में वह सभी सदस्य बधाई के पात्र है जिन्होंने पूरी लगन और मेहनत लगाकर आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया और युवाओं को खेल के प्रति नई ऊर्जा भरने का काम किया




बताते चले कि वर्ष 1990 के दशक के बाद से शीशगढ़ के अलावा जनपद के अन्य कस्बों जैसे धौंरा टांडा,रिछा ,जोखनपुर, बहेड़ी, गिरधरपुर आदि स्थानों की बाली बाल की टीमें एक यादगार बनकर रह गई थी खेल के मैदान का अभाव एवं संसाधनों की कमी , खेल के प्रति युवाओं में घटती लोकप्रियता के कारण ही वालीबाल का खेल अब खत्म होने लगा कई दशक से टूर्नामेंट न होना भी इसका एक मुख्य कारण रहा युवा वर्ग तो वाली बाल की भूलकर क्रिकेट की तरफ पहुंच गया एक जमाना था जब इन इलाकों की टीमों ने नेशनल लेवल तक के टूर्नामेंट खेलकर कई खिताबी मुकाबले भी जीते है।

इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष हाजी गुड्डू ने बाली बाल का टूर्नामेंट कराकर युवाओं में नया जोश भरने का जो काम किया है उसके लिए वह वास्तव में बधाई के पात्र हैं। शीशगढ़ में बाली बाल का सफल आयोजन को देखकर धौंरा टांडा ,जोखनपुर ,रिछा के अलावा अन्य जनपदों से खेल देखने आए खेल प्रेमियों के मन में एक नया उत्साह पैदा कर गया अब अन्य स्थानों के युवा टूर्नामेंट कराने का मन बनाने लगे है।

### खिलाड़ियों ने कहा ऐसा आयोजन पहले कही नहीं देखा

इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित हाजी रिहासत हुसैन आल इंडिया बाली बाल टूर्नामेंट का सफल आयोजन खिलाड़ियों में भी नया जोश भर गया गुजरात से लेकर ,हरियाणा,पंजाब, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, भीरा पलिया,गोरखपुर,मुजफ्फरनगर, मेरठ,लखनऊ से आई टीमों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का अच्छा प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के मैदान की व्यवस्थाएं देखकर खिलाड़ियों ने भी कहा कि ऐसा काबिले तारीफ आयोजन एवं दर्शकों की दीवानगी पहली बार देखने को मिली। आजमगढ़ की टीम के युवा खिलाड़ी सईद आलम का जलवा देखने के लिए युवा काफी उत्साहित दिखे सईद आलम ने खिताबी मुकाबला जीतने के साथ साथ युवाओं का मन भी जीत लिया।

# बे मौसम बरसात से किसानों की गेहूं की फसल खेत में डूबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलडिया।** बे मौसम हुई बरसात से किसानों की फसल बर्बाद हो गई तेज बारिश से गेहूं कि किसानों की कटी फसल खेत में उतराने लगी और हवा चलने से किसानों के गेहूं की पकी फसल खेतों में ही बिछ गई जिससे किसान मायूस हैं। क्योंकि किसानों ने अपनी पूरी जमा पूंजी लगाकर फसल तैयार की थी और अब बेमौसम बरसात ने किसानों की पूरी फसल नष्ट कर दी जिससे किसान मायूस हैं। बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी उसकी पूरे साल की मेहनत बुधवार की बारिश में घुल गई बेचारा अन्नदाता मायूस है।

### अवैध तमंचे में के साथ दो को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव बरखन के रहने वाले शहादत पुत्र बाबू बख्श को दरोगा रोहित कुमार ने बीती रात बरखन खतौआ मार्ग से पकड़ा। तलाशी लेने पर शहादत के पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। इसके साथ ही दरोगा योगेन्द्र कुमार ने बीती रात में ही क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर के रहने वाले अलीम अहमद पुत्र जमील अहमद को जयनगर और अलीनगर के बीच से संदिग्ध अवस्था में पकड़ा, तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को उन्हें जेल भेज दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो बाइकों की भिड़ंत, जन सेवा केंद्र संचालक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के एमएस रिसोर्ट के सामने बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मसीहाबाद निवासी 35 वर्षीय अतिराज सिंह पुत्र हरदयाल सिंह अपनी बाइक से हुरहुरी से मीरगंज की ओर आ रहे थे। इसी दौरान मीरगंज से हुरहुरी की ओर जा रही दूसरी बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अतिराज सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जहां पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि अतिराज सिंह दियोसास चौराहे पर जन सेवा केंद्र संचालित करते थे। अपने पीछे वह पत्नी शिमली, दो पुत्र आशु व शेखर तथा एक पुत्री रीमा को छोड़ गए हैं।

## ट्राले की टक्कर से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कपूरपुर गांव स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल के पास बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्राला की टक्कर से महिला सड़क पर गिर गई, जिसके बाद ट्राला का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया।जानकारी के अनुसार, बदायूं जनपद की बिसौली तहसील के गांव बिजौरी निवासी 70 वर्षीय रामवती पत्नी राजाराम अपने नाती आकाश के साथ मीरगंज क्षेत्र के गांव समसपुर में बीमार भाभी को देखने जा रही थीं। शाम करीब छह बजे कपूरपुर गांव के पास सामने से आ रहे ट्राला ने उनकी बाइक को साइड मार दी, जिससे रामवती सड़क पर गिर गईं।हादसे के दौरान ट्राला का पिछला पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्हें तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कृष्णा एकेडमी पब्लिक स्कूल में छात्रा का शानदार प्रदर्शन



**कक्षा एक की मिरहा फातिमा को प्रथम स्थान पर मिला पुरस्कार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर के सीबीगंज के कृष्णा एकेडमी पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक परिणाम घोषणा के दौरान कक्षा एक की छात्रा मिरहा फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उसे सम्मानित किया गया।

स्कूल प्रबंधक अतुल गुप्ता व प्रधानाचार्या शिल्पी गुप्ता ने मिरहा फातिमा को प्रथम पुरस्कार देकर उसका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने छात्रा की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी मिरहा की सफलता पर खुशी जताई और अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में खुशी का माहौल रहा, और छात्र-छात्राओं ने तालियों के साथ मिरहा का अभिनंदन किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो दिन बाद हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धनेटा क्रासिंग के पास हाईवे के कट पर सोमवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था। बुधवार को परिजनों ने फोटो और कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त की।

जानकारी के अनुसार, नगरिया सादात निवासी करीब 30 वर्षीय श्याम बाबू मौर्य के रूप में मृतक की पहचान हुई। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि श्याम बाबू सोमवार को फतेहगंज पश्चिमी बाजार में सब्जी बेचने गए थे।

देर रात उन्हें धनेटा क्रासिंग तक टेंपो मिला और वे वहां उतर गए। बताया जाता है कि हाईवे पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# बरेली परिक्षेत्र आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में अव्वल

## डीआईजी की सख्त मॉनिटरिंग और बेहतर समन्वय से मिली बड़ी सफलता, 84 थानों के दम पर परिक्षेत्र अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** परिक्षेत्र ने जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मार्च-2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में परिक्षेत्र ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी के कुशल नेतृत्व और प्रभावी कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है।



डीआईजी अजय कुमार साहनी ने शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने लगातार समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए, जिससे हर स्तर पर जवाबदेही तय हुई। उनकी कार्यशैली के कारण निस्तारण प्रक्रिया तेज होने के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। मार्च-2026 में बरेली परिक्षेत्र के सभी जनपदख्र बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीतख्र ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिक्षेत्र के कुल 84 थानों ने मिलकर यह उपलब्धि हासिल की, जो टीमवर्क और प्रभावी निगरानी का एक अच्छा उदाहरण है।

जनपद बरेली के 28 थानों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनमें अलीगंज, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, विशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियां, भुता, हाफिजगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, कोतवाली, सिरौली, बिथरी चौनपुर, फरीदपुर, कैंट और फतेहगंज पूर्वी शामिल हैं। इसी प्रकार, जनपद बदायूं के 20 थानों-कुवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, इस्लामनगर, दातागंज, मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी, उसावां, कादरचौक, उघैती, उसैहत, मूसाझाग, हजरतपुर, कोतवाली और सिविल लाइंस ने भी बेहतर प्रदर्शन किया।

जनपद पीलीभीत के 17 थानों-महिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर, सुनगढ़ी, अमरिया और बिलसंडाख्र ने भी उत्कृष्ट कार्य किया। जनपद शाहजहांपुर के 19 थानों-महिला थाना, रामचंद्र मिशन, सिंधौली, कोतवाली, परौर, बंडा, जलालाबाद, कलान, सेहरामऊ दक्षिणी, रोजा, मदनापुर, निगोही, मिरजापुर, कांट, सदर बाजार, गढ़िया रंगीन, जैतीपुर, कटरा और खुदागंजख्र ने भी इस सफलता में अहम भूमिका निभाई।

डीआईजी अजय कुमार साहनी की व्यवस्थित कार्यशैली के कारण पूरे परिक्षेत्र में शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया मजबूत हुई है।

उनकी नियमित निगरानी और स्पष्ट दिशा-निर्देशों से पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है, जिसका सीधा असर इस उपलब्धि में देखने को मिला।

**ऐसे बना प्रदेश में नंबर-1**

मार्च-2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के सभी थानों ने मिलकर यह उपलब्धि प्राप्त की। कुल 84 थानों के समन्वित और बेहतर प्रदर्शन से परिक्षेत्र शीर्ष पर पहुंचा। शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता और गुणवत्ता को विशेष प्राथमिकता दी गई, जो सफलता का मुख्य आधार बनी।

**मजबूत नेतृत्व और प्रभावी मॉनिटरिंग**

डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की गई, और हर स्तर पर जवाबदेही तय की गई। सख्त मॉनिटरिंग, स्पष्ट निर्देश और पारदर्शी कार्यप्रणाली के चलते निस्तारण प्रक्रिया में तेजी आई। बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया, जबकि कमजोर प्रदर्शन पर सुधार की कार्रवाई की गई, जिससे पूरी व्यवस्था मजबूत हुई।

इस महत्वपूर्ण सफलता पर परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस टीम- उपनिरीक्षक शालू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, जिन थानों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उनकी समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

## नगर पालिका बोर्ड बैठक में 49 करोड़ का बजट पास

**कमर्शियल भवन, सड़क, नाला सफाई समेत विकास कार्यों को मिली मंजूरी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 49 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस बजट से नगर में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे, जिनमें कमर्शियल भवन निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था, नालों की तली झाड़ सफाई और सीसी रोड निर्माण प्रमुख हैं।

बैठक देर शाम शुरू हुई, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने सभी सभासदों से संवाद करते हुए नगर के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी की सहमति से नगर में बेहतर विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है। लेखाकार पारितोष जोशी ने आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत किया, जिसे सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी।

बैठक में स्टेट बैंक के भवन और उसके पीछे खाली पड़े मैदान में कमर्शियल भवन निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसे हरी झंडी मिल गई। साथ ही बरसात से पहले नगर के सभी नालों की तली झाड़ सफाई कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

इस दौरान सभासद जलीस आजाद ने नैनीताल रोड पर बनी 280 दुकानों के बिना नामांतरण और नक्शा पास कराए निर्माण पर आपत्ति जताई। इस पर अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और वकील इसकी पैरवी कर रहे हैं। इसके अलावा नगर के तालाबों पर अवैध कब्जे और गाटा संख्या 17 (जो अभिलेखों में रास्ता दर्ज है) पर अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन मामलों की जांच जारी है।

बैठक में शशि मिश्रा, ताहिर पप्पू, सलीम चंदा, परविंदर गंगवार, ओम प्रकाश, रजिया नूरी, लाल सिंह, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद रफ, रुखसाना सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़ ।** ब्लाक शेरगढ़ के कम्पोजिट विद्यालय ढकिया डाम में कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह, वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक चौपाल का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने की।

कार्यक्रम में विकास खण्ड शेरगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक विनोद कुमार आर्य वी जे पी के प्रमुख कार्यकर्ता देवेश कुमार आचार्य विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष पूजा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया।बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छोटे छोटे बच्चों ने कार्यक्रम के द्वारा समाज के अनपढ़ लोगों को शिक्षा के महत्व के विषय में जानकारी दी कि शिक्षा का जीवन में कितना महत्व है। सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उन्हें कक्षा 9 प्रवेश हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही समस्त सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित अभिभावकों छात्र छात्राओं को जलपान कराया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक चित्रसेन द्वारा उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, सेवानिवृत्त अध्यापक विनोद कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पूजा एवं अन्य सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर अध्यापक विपिन देवल नीलम हरीश कुमार मोरपाल आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा हमें वह पंख देती है, जो ऊंचाइयों तक उड़ने की क्षमता देती है: बाबा अरविन्द गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के संत मंगल पुरी इंटर कॉलेज, मढ़ी सत्याना में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के उप प्रबंधक बाबा अरविन्द गिरी ने कहा कि "शिक्षा हमें वह पंख देती है, जो हमें ऊंचाइयों तक उड़ने की क्षमता देती है।उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व को समझते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति सदस्य तेजराम आर्य ने की। इस दौरान उप प्रबंधक बाबा अरविन्द गिरी, प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता एवं उप प्रधानाचार्य सुभाष गंगवार ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।परीक्षा परिणाम प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक विद्यालय पहुंचे और अपने परिणाम प्राप्त किए।इस मौके पर राम भरोसे वर्मा, सुनील कुमार, वीर सिंह, अंबा प्रसाद, ललित कुमार, अभय पाराशरी, शेर सिंह, ब्रह्मा स्वरूप, रामवीर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी धर्मवीर गंगवार ने किया।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव, शिक्षक चौपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दुनका।** ब्लाक शेरगढ़ के कम्पोजिट विद्यालय ढकिया डाम में कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक चौपाल का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने की।

कार्यक्रम में विकास खण्ड शेरगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक विनोद कुमार आर्य वीजेपी के प्रमुख कार्यकर्ता देवेश कुमार आचार्य विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष पूजा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छोटे छोटे बच्चों ने कार्यक्रम के द्वारा समाज के अनपढ़ लोगों को शिक्षा के महत्व के विषय में जानकारी दी शिक्षा का जीवन में कितना महत्व है। सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उन्हें कक्षा 9 प्रवेश हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही समस्त सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित अभिभावकों छात्र छात्राओं को को जलपान कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक चित्रसेन द्वारा उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, सेवानिवृत्त अध्यापक विनोद कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पूजा एवं अन्य सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यापक विपिन देवल नीलम हरीश कुमार मोरपाल आदि उपस्थित रहे।

## किसान के खेत से गन्ना चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ठिरिया सैदपुर से एक किसान का खेत में छिला पड़ा गन्ना चोर चुरा ले गए। घटना की तहरीर किसान द्वारा पुलिस को दी गई है। ग्राम के किसान सपा सेक्टर प्रमुख भूपराम गंगवार ने दो दिन पहले अपने खेत में खड़ा गन्ना छिलबाया था, वह गन्ने को भरकर बेचने की तैयारी कर रहे थे कि सोमवार की रात में चोर खेत में छिला पड़ा करीब 40-50 कुंतल गन्ना चुरा ले गए, जब वह मंगलवार को खेत पर गया तो उसे गन्ना चोरी हो जाने की जानकारी हुई। मंगलवार को सारे दिन वह अपने गन्ने को इधर-उधर ढूंढता रहा, लेकिन गन्ने का कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार को किसान सपा सेक्टर प्रमुख भूपराम गंगवार ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

## एक नजर

### मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म, गांव के दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** खेत से लौट रही मंदबुद्धि युवती को रास्ते में पकड़ कर दुष्कर्म करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी पीड़िता के गांव के ही हैं। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी वीरपाल एवं सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों आरोपी पीड़िता के गांव के ही है।

युवती की मां अपने पुत्रों के साथ अपने खेत पर रविवार की शाम छह बजे कटे गेंहू की थ्रेसिंग कराने गांव का ट्रैक्टर और थ्रेसर लेकर गईं। गेंहू गहाने को गांव के वीरपाल और सतीश भी खेत पर थे। महिला की मंदबुद्धि पुत्री भी खेत पर पहुंच गई। गेंहू की फसल गीली होने के कारण गहाई नहीं हो सकी। चालक ट्रैक्टर लेकर चला गया। महिला की पुत्री भी घर लौट गई। खेत पर मौजूद दोनों आरोपी बहाना बनाकर गांव चले गए। दोनों ने बाग के पास युवती को पकड़ कर दुष्कर्म किया। युवती मंदबुद्धि होने के कारण अच्छे बुरे को नहीं पहचानती। घर पहुंचने पर गले पर चोट का निशान देखकर मां ने युवती से पूछताछ की। मां को रोते हुए युवती ने घटना बताई। पुलिस युवती का मेडिकल कराने की कार्रवाई कर रही है।

### चारा मशीन में फंसकर तीन वर्षीय बच्ची की उंगली कटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के खमरिया आजमपुर गांव में चारा काटने की मशीन की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में बच्ची के हाथ की एक उंगली कट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 वर्षीय आरूषि पुत्री जबर सिंह निवासी खमरिया आजमपुर खेलते-खेलते चारा काटने की मशीन के पास पहुंच गई। इसी दौरान अचानक उसका हाथ मशीन में फंस गया, जिससे उसकी एक उंगली कट गई।घटना के समय बच्ची के माता-पिता खेत पर गेहूं काटने गए हुए थे। हादसे के बाद बच्ची की हालत गंभीर हो गई, जिसे उसकी बुआ तत्काल सीएचसी लेकर पहुंची। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मच्छरनाशी बांट दवा का छिड़काव कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धामपुर बायो धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड ने मच्छरों को नष्ट करने को बुधवार को तहसील परिसर, नगरिया सादात गांव एवं सीएचसी परिसर में मच्छरनाशी दवा का छिड़काव कराया। इकाई प्रमुख सरबजीत सैनी ने बताया मच्छरों के प्रकोप बढ़ने से होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने को अभियान चलाकर मचछरनाशी दवा कर छिड़काव कराया जा रहा है। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा. वैभव राठौर एवं चीफ फार्मेसिस्ट विनय भदौरिया ने अभियान की सराहना की। अभियान कारखाना प्रबंधक अरविंद गंगवार एवं वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन संजय कुमार सिंह आदि की देखरेख में चला।

### जनगणना 2027 की तैयारियां तेज एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** एसडीएम आलोक कुमार ने बुधवार को जनगणना 2027 को लेकर नामित एवं नियुक्त अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने जनगणना कार्य को समयबद्ध और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम ने निर्देश दिया कि जनगणना के लिए कर्मियों और सुपरवाइजरों की शीघ्र नियुक्ति की जाए तथा उन्हें समय रहते प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि नियुक्तियां गुणवत्ता के आधार पर की जाएं और प्रशिक्षण की तैयारियां पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, ईओ प्रियंका, दुर्गेश कुमार सिंह एवं राजस्व निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिल्लापुर में जलभराव की शिकायत तालाब पर अवैध कब्जा बना समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** ग्राम पंचायत सिल्लापुर में जल भराव की सिकियात ग्राम के होमपल ज्ञान सिंह अनिल और सभी मोहल्ला बालों ने की ।मौके पर बी डी ओ, ए डी ओ पंचायत और सचिव ने जा कर देखा बी डी ओ ने बताया कि तालाब को कुछ लोगो ने पाट कर कब्जा कर रखा है जिससे पानी गलियों में भर गया है जब तक अवैध कब्जा नहीं हटेगा तब तक तालाब की सफाई नहीं की जा सकती।

### युवक की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर की अश्लील पोस्ट, पत्नी और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला क्षेत्र के एक गांव का है, गांव के विधि छात्र ने डेढ़ साल पहले महानगर की आशुतोष सिटी के रहने वाले व्यक्ति की पुत्री से प्रेम विवाह किया था। पति 29 मई 2024 को वह अपनी पत्नी को उसके मायके महानगर छोड़कर आया था, कुछ दिनों बाद पत्नी को वापस बुलाने के लिए सम्पर्क किया तो पत्नी और ससुर ने युवक को धमकाया, साथ ही पत्नी को भेजने से भी साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि पति-पत्नी के बीच विवाद के चलते पत्नी ने इसका फायदा उठाते हुए अपने पति के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना डाली, और इस पर पति के दोस्तों, रिश्तेदारों को फ्रेंड्स रिक्वेस्ट भेज कर अपना दोस्त बना लिया। आरोप है कि अपने पति को बदनाम करने के लिए पत्नी ने इस पर अश्लील वीडियो और पोस्ट डाल दी, जिससे समाज में उसकी छवि खराब हुई है, और उसके मान सम्मान को खासी ठेस पहुंची है। इस मामले की पति द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने पत्नी और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बरेली के सुरश बाबू ने यूपी पीसीएस 2024 में लहराया परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद बरेली के सुरश बाबू ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपी पीसीएस 2024) में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। समाज कल्याण मंत्रालय की नि:शुल्क कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से मिले मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और विशेषज्ञ शिक्षकों के सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करते हुए नायब तहसीलदार पद प्राप्त किया।

सुरश बाबू की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा, संसाधन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में संचालित नि:शुल्क आवासीय कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे हैं, जिनसे जुड़े अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है। भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को कोचिंग सत्र के दौरान नि:शुल्क हॉस्टल, भोजन, लाइब्रेरी और नियमित कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा मुख्य परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर लेखन का अभ्यास और मॉडल टेस्ट भी कराए जाते हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेश के 75 जिलों में 166 प्रशिक्षण केंद्र संचालित हैं, जहां यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट, एनडीए और सीडीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क कराई जा रही है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि विभाग का उद्देश्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली युवा आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह सफलता इस बात का उदाहरण है कि उचित मार्गदर्शन और संसाधन मिलने पर प्रदेश के युवा किसी भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

### एसपी रामपुर की टीम का बड़ा खुलासा

# हासिम-रेहान गिरफ्तार, खुद के अपहरण की झूठी साजिश बेनकाब

**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** थाना स्वार क्षेत्र में गुमशुदगी का मामला उस वक्त चौंकाने वाले खुलासे में बदल गया जब पुलिस ने स्वयं के अपहरण की झूठी साजिश रचने वाले दो आरोपियों मोहम्मद हासिम पुत्र मोहम्मद नूर निवासी अलीनगर जागीर व रेहान पुत्र जाहिद निवासी अलीनगर उत्तरी को गिरफ्तार कर लिया। 1 अप्रैल 2026 को हासिम के परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया कि वह 31 मार्च की रात बिना बताए घर से चला गया था। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी स्वार के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस ने सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की मदद से 7 अप्रैल 2026 को हासिम को मुरादाबाद के दलपतपुर टोल प्लाजा के पास से बरामद किया। पूछताछ में हासिम ने



बताया कि उसका तीन साल से एक युवती से प्रेम संबंध था और वह उससे शादी करना चाहता था, लेकिन युवती के परिजन तैयार नहीं थे, जिस पर उसने अपने साथी रेहान के साथ मिलकर अपने अपहरण की झूठी कहानी रची। दोनों ने 31 मार्च को यूपी-112 पर झूठी सूचना दी कि कुछ लोग हथियारों के साथ उसका पीछा कर अपहरण करना चाहते हैं और बाद में व्हाट्सएप ऑडियो व मैसेज के माध्यम से अपने ही परिजनों से फिरौती की मांग कर युवती के परिजनों को फंसाने का प्रयास किया। इस मामले में थाना स्वार पर मु0अ0सं0 115/2026 धारा 230(1)/248/51(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर दोनों आरो. पियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रामपुर ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया तथा जांच में झूठी साजिश का खुलासा हुआ, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल राजन चौधरी व टिंकू चौधरी की टीम द्वारा अंजाम दिया गया।

# फर्जी घटनाएं बनाकर गुम. राह करने वालों का ठिकाना जेल: एसपी सोमेंद्र मीना

**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** जनपद में फर्जी घटनाएं गढ़कर पुलिस और समाज को गुमराह करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह सख्त संदेश पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने प्रेस वार्ता के दौरान दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि झूठी अफवाहें फैलाना और फर्जी घटनाएं बताकर भ्रम फैलाना गंभीर अपराध है, ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



एसपी ने कहा कि हाल ही में सामने आए मामलों से यह स्पष्ट है कि कुछ लोग निजी स्वार्थ या दबाव बनाने के लिए झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं, जिससे न केवल पुलिस का समय और संसाधन व्यर्थ होता है, बल्कि समाज में भी अनावश्यक भय और भ्रम का माहौल बनता है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति इस प्रकार की हरकतों में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट या भ्रामक जानकारी फैलाने से बचें और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग किया जा सके।

## आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर की हैट्रिक, 99.29% अंकों के साथ प्रदेश में नंबर-1

**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** जनपद रामपुर ने मार्च 2026 की आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। 140 में से 139 अंक (99.29 प्रतिशत) प्राप्त कर रामपुर ने लगातार तीसरे महीने शीर्ष स्थान पाकर हैट्रिक बनाई है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण की मजबूत व्यवस्था का ही परिणाम है कि जनपद ने यह ऐतिहा. सिक उपलब्धि हासिल की। रिपोर्ट के अनुसार रामपुर के बाद हाथरस और बाराबंकी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि शाहजहांपुर और पीलीभीत चौथे स्थान पर रहे।

जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। हर शिकायत पर संबंधित अधिकारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं और उसकी सतत निगरानी की जाती है। साथ ही शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर निस्तारण की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह टीम वर्क और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगे भी जनसुनवाई व्यवस्था को और मजबूत कर आमजन को पारदर्शी व त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## एएसपी रामपुर ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** पुलिस कार्यालय में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। एएसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है और विभाग आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## अलग-अलग हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर घायल एक, रेफर



**शाहबाद ( शाह टाइम्स )।** मंगलवार शाम को हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने चारों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा एक घायल की हालात को नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहाबाद नगर के ग्राम रसूलपुर निवासी प्रवीण कुमार, बबलू, सतेंद्र व ग्राम बंदार निवासी राममोहन अलग-अलग सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा प्रवीण कुमार की हालात को नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।

## बाइक सवार नीलगाय से टकराया, गंभीर घायल, रेफर

**शाहबाद ( शाह टाइम्स )।** बुधवार को एक बाइक सवार नीलगाय के झुंड से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, शाहबाद थाना क्षेत्र के शाहपुर देव निवासी हरद्वारी अपनी दवाई लेने शाहबाद आया था। दवाई लेकर वह अपने गांव लौट रहा था।ग्राम तुरखेड़ा के पास ईख के खेत से अचानक नीलगाय का एक झुंड सड़क पर आ गया। हरद्वारी की बाइक नीलगाय से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल हरद्वारी को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पहाड़ी गेट में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दिया गया तथा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया और गुड टच व बैड टच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आपात स्थिति में खुद की रक्षा करने के लिए सक्षम बनाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा, निदा जैदी, विद्यालय के प्राध्यापकगण व छात्राएं मौजूद रहीं।

## बीआरसी स्वार की लापरवाही से आरटीई भुगतान अटका, आईजीआरएस में शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** जावेद मांटेसरी स्कूल स्वार में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान लंबित होने पर विद्यालय प्रबंधन ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि बीआरसी स्वार द्वारा समय पर शासन/जनपद को डिमांड न भेजे जाने के कारण बजट जारी होने के बावजूद विद्यालय को भुगतान नहीं मिल सका। इससे विद्यालय संचालन और शिक्षकों के वेतन भुगतान में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

शिकायत पत्र में संबंधित अधिकारियों से मांग की गई है कि प्रकरण का संज्ञान लेकर तत्काल डिमांड भेजी जाए और लंबित भुगतान जल्द जारी कराया जाए, साथ ही जिम्मेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाए।

# गेहूं तौल में अव्यवस्था पर भड़के किसान, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के किसानों ने गेहूं क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को ग्राम रहमतगंज में भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन प्रकाश मौर्य के आवास पर किसान एकत्र हुए। किसानों ने आरोप लगाया कि क्रय केंद्रों पर समय से तौल नहीं हो रही, कभी वारदाना की कमी तो कभी मशीन खराबी के नाम पर तौल रोक दी जाती है, जिससे उन्हें कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है। केंद्रों पर संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के साथ ही बैठने तक की व्यवस्था न होने से किसानों को धूप में खड़े होकर



परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने कहा कि बार-बार चक्कर लगाने से समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। उन्होंने मांग की कि क्रय केंद्रों की व्यवस्था सुधारी जाए या गांवों में ही गेहूं की तौल की व्यवस्था की जाए और बिचौलियों से मुक्ति दिलाकर सरकारी खरीद मजबूत की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान सुरेश चंद दिवाकर सहित कई किसान मौजूद रहे।

# बे-मौसम बारिश से फसलें चौपट, डीएम ने किया निरीक्षण, त्वरित सर्वे के निर्देश





**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** बे-मौसम वर्षा व अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने तहसील सदर के ग्राम पंजाब नगर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति का गहन अवलो. कन किया और किसानों से सीधे संवाद कर नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ा है और प्रत्येक पात्र किसान को नियमानुसार सहायता दी जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी सर्वे कराया जाए, ताकि क्षति का सही आकलन हो सके। साथ ही सर्वे रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत कर पात्र किसानों को समयबद्ध तरीके से मुआवजा दिलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान राहत से वंचित न रहे।

# बेमौसमी बारिश से किसानों व भट्टों को भारी नुकसान, मुआवजा दे सरकार : मुस्तफा हुसैन

**रामपुर ( शाह टाइम्स )।** बेमौसमी बरसात ने जिले के ग्रामीण इलाकों में किसानों और ईंट भट्टा संच. ालकों को खासा नुकसान पहुंचाया है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया और सरकार से जल्द मुआवजा देने की मांग की। मुस्तफा हुसैन ने सैदनगर क्षेत्र के ग्राम प्राणपुर, नयागांव, बैंजनी, बैंजना, दलेलनगर, सराबा, सरकड़ी, खंडिया, नगलागणेश समेत दर्जनों गांवों का भ्रमण कर किसानों की गिरी हुई गेहूं की फसलों का निरीक्षण किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिश से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है, जिससे उन्हें भारी



खेत में हुए नुकसान और फसल को देखते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन

आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव-गांव लेखपालों के माध्यम से तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आंकलन कर किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। मुस्तफा हुसैन ने जोर देकर कहा कि प्रभावित किसानों की हर संभव मदद की जाए, ताकि उन्हें इस संकट से उबरने में राहत मिल सके।

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक बुधवार को नगर के मुख्य बाजार स्थित विनय कुमार दिवाकर के आवास पर आयोजित हुई, जिसमें संगठन के विस्तार, मजबूती और जनभागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने और सदस्यता अभियान तेज करने की रणनीति बनाई।



बैठक में कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए तथा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र (आई कार्ड) वितरित किए गए। साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार कार्य करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष सुधांशु, विपिन कुमार, विनय कुमार दिवाकर, शकील अहमद, फैजान मलिक, नगर मीडिया प्रभारी शकील अहमद, हरीश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एएसपी का मुरसैना चौकी पर औचक निरीक्षण

## बाजार में पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था





**रामपुर/सैदनगर ( शाह टाइम्स )।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर ने बुधवार को थाना अजीमनगर के अंतर्गत चौकी मुरसैना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों व अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को सतर्कता व अनुशासन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एएसपी ने चौकी क्षेत्र के मुख्य मार्गों, भीड़भाड़ वाले स्थानों व बाजारों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। उन्होंने आगामी त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, अपराध नियंत्रण बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के निर्देश दिए। एएसपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहे।

## विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया आलम चिकन कॉर्नर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधानसभा 34 स्वार टांडा में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने स्वार में आलम चिकन कॉर्नर का उद्घाटन किया। विधायक जी के वहां पहुंचने पर लोगो ने उन्हें फूल मालाए पहना कर स्वागत किया। लोगों में क्षेत्रीय विधायक होने की अलग ही खुशी दिखाई देती है। वहां मौजूद लोगों से बात हुई तो लोगों ने कहा कि यह हमारी खुशनसीबी है कि हमारे बीच हमारे क्षेत्र का विधायक है जो हमारी हर खुशी और गम में शामिल रहते हैं । विधायक जी ने कहा हमारे क्षेत्र की जनता नये 2 व्यवसाय से जुड़ रही है और मेरा मकसद यही रहता है कि में हर समय अपने लोगों के



बीच रहूं उनके सुख दुख में शामिल रहूं। साथ में मशकूर अहमद पूर्व सभासद नाहिद खां इस्लाम मेंबर बेचा सेठ शानू हबीब महबूब अली फैजान बल्ली आदि लोग मौजूद रहे।

# बदलते मौसम में बढ़ने लगे मरीज, जिला अस्पताल में उमड़ी भीड़

## सीएमओ ने कहा बदलते मौसम से बचाव जरूरी

**शाह टाइम्स**

**रामपुर।** मौसम में हो रहे लगातार बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर साफ नजर आने लगा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, जिससे सुबह से ही पर्चा काउंटर और डॉक्टर कक्षों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, पहले जहां प्रतिदिन करीब 600 मरीज ओपीडी में पहुंचते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर लगभग 800 तक पहुंच गई है। इमरजेंसी सेवाओं में भी मरीजों का दबाव बढ़ा है और रोजाना 150 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि कभी ठंड तो कभी तेज गर्मी जैसे मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण वायरल बुखार, खांसी-जुकाम, गले में संक्रमण, सिरदर्द और पेट संबंधी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है। अस्पताल के वार्डों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बुखार, डायरिया और बाल रोग वार्ड लगभग भरने की स्थिति में हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपा सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में मौसमी बीमारियां बढ़ना सामान्य है, लेकिन सावधानी बरतकर इनसे बचा जा सकता है। उन्होंने सभी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि मरीजों को समय पर उपचार मिले और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्याप्त पानी पिएं, धूप से बचें, हल्के कपड़े पहनें और बाहर का खाना खाने से परहेज करें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## सूचना

गौरव कुमार गुप्ता पुत्र कृष्ण अवतार गुप्ता निवासी चक स्वार, तहसील स्वार, जिला रामपुर ने अवगत कराया है कि उनके भाई सोरभ गुप्ता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। उनकी किसी भी संपत्ति का क्रय-विक्रय/बैनामा अवैध माना जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

